तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 15 जून 2026

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार

4 स्वावलंबन परियोजना के तहत मौहापाली में जिंदल फाउंडेशन द्वारा दिया गया प्रशिक्षण



## खबर संक्षेप

### बिजली विभाग के संविदा कर्मचारी करेंगे आंदोलन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। संघ द्वारा जारी पोस्टर के अनुसार, पावर कंपनी प्रबंधन की कथित वादाखिलाफी, तानाशाही रवैये तथा संविदा कर्मचारियों के प्रति अपनाई जा रही शोषणकारी नीतियों के विरोध में 22 जून 2026 से द्वितीय चरण का अनिश्चितकालीन कामबंद आंदोलन शुरू किया जाएगा। संघ का कहना है कि लंबे समय से पावर कंपनी में कार्यरत संविदा कर्मचारी अपने अधिकारों और भविष्य की सुरक्षा को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी प्रमुख मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इसी के चलते प्रदेशभर के संविदा कर्मचारियों ने चरणबद्ध आंदोलन का रास्ता अपनाया है। संघ ने अपने आंदोलन की एक सूत्रीय मांग के रूप में पावर कंपनी में कार्यरत सभी संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, रिक्त पदों पर समायोजन अथवा संविलियन किए जाने की मांग रखी है। संगठन का आरोप है कि वर्षों से सेवा देने के बावजूद संविदा कर्मचारियों को स्थायी कर्मचारियों के समान सुविधाएं और सुरक्षा नहीं मिल पा रही हैं। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि सरकार और पावर कंपनी प्रबंधन ने जल्द सकारात्मक पहल नहीं की तो आंदोलन का प्रभाव विद्युत व्यवस्था पर भी पड़ सकता है। संघ के प्रदेश एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने समस्त संविदा कर्मचारियों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। आंदोलन के कारण विद्युत व्यवस्था से जुड़े विभिन्न कार्य प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है।

### मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर

**रायगढ़।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायगढ़ एवं बजरंग दल रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल कॉलेज के प्रथम तल स्थित ब्लड बैंक में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को एनआर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज का प्रायोजन प्राप्त था। शिविर में चिकित्सकों, युवाओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर आईएमए रायगढ़ के अध्यक्ष डॉ. प्रभात पटेल एवं सचिव डॉ. राजकुमार गुप्ता सहित मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संतोष कुमार, हॉस्पिटल सुपरिटेंडेंट डॉ डी.एस. पटेल उपस्थित रहे। साथ ही डॉ. केदारनाथ पटेल, डॉ. जे.एस. बैस, डॉ. वी. डिवोड़िया, डॉ. एच.एस. उरांव, डॉ. अशोक अग्रवाल, डॉ. डी.एस. पटेल, डॉ. रीना नायक एचओडी, पैथोलॉजी, डॉ. मुकेश, डॉ. नवीन अग्रवाल तथा डॉ. संजीव परलक्षण सहित लगभग 30 चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उपस्थित चिकित्सकों ने रक्तदान महादान की भावना को आत्मसात करते हुए समाज में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का सम्मान करते हुए उन्हें प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। आयोजन के दौरान रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने का संदेश भी दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि ₹आपका एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है।₹ इसी संदेश के साथ नागरिकों से आगे भी रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने की अपील की गई।

## छावनी में तब्दील हुआ मेडिकल कॉलेज अस्पताल, निष्पक्ष जांच की मांग पर अड़े परिजन

# जेल में युवक की मौत पर बवाल: परिजनों ने हत्या का केस दर्ज कर 1 करोड़ मुआवजे की मांग की





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

न्यायिक हिरासत में जिला जेल में बंद ग्राम नावापारा निवासी 30 वर्षीय संजय बघेल की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मृतक के परिजनों ने जिला प्रशासन, पुलिस एवं राज्य शासन को ज्ञापन सौंपकर जिला जेल और थाना कोतरारोड़ के जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। साथ ही मृतक के परिवार को 1 करोड़ रुपये मुआवजा, बच्चों की निःशुल्क शिक्षा और आश्रितों के पुनर्वास की मांग भी उठाई गई है।

परिजनों के अनुसार संजय बघेल को 10 जून 2026 को दोपहर करीब 2:30 बजे कोतरारोड़ पुलिस अवैध शराब से संबंधित प्रकरण में पकड़कर थाने लेकर आई थी। आरोप है कि मामले को रफा-दफा करने और अपराध दर्ज नहीं करने के एवज में एक पुलिस आरक्षक द्वारा 2 लाख रुपये की मांग की गई थी, जिसके बाद कथित तौर पर 40 हजार रुपये लेने के बावजूद संजय के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। जहां से 3 दिन बाद उन्हें सूचना मिली कि उसकी केजीएज में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। परिजनों का कहना है कि संजय की मौत के बाद उन्हें समय पर सूचना नहीं दी गई। आरोप है कि 13 जून को दोपहर करीब 12:25 बजे मोबाइल फोन के माध्यम से मौत की जानकारी दी गई। वहीं, परिजनों का यह भी आरोप है कि शव को तुरंत दिखाने के बजाय सीधे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। शनिवार की दोपहर से लेकर रात तक परिजनों और पुलिस अधिकारियो के बीच शव दिखाने को लेकर ही काफी विवाद होता देखा गया। इस दौरान परिजनों और ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की, जिसके बाद शाम करीब 7 बजे शव दिखाया गया। उनका दावा है कि शव पर कई गंभीर चोटों के निशान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे थे, जिनके फोटो और वीडियो भी उनके पास मौजूद हैं। हालांकि इस संबंध में एसएसपी शशि मोहन सिंह ने हरिभूमि को बताया कि पुलिस के इस मामले से जुड़े सभी तकनीकी साक्ष्य मौजूद हैं। इस संबंध में सीसीटीवी की 4 घंटों की फूटेज भी मंगवाई गई है, जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने मारपीट संबंधी आरोपी को नकारते हुए कहा कि यदि परिजनों को शंका है तो इस मामले में निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। फिलहाल मामले से जुड़े दो पुलिस जवानों को लाइन अटैच कर दिया गया है।

### इन मांगों पर अड़े मृतक के परिजन

मृतक के परिजन न्यायिक हिरासत में हुई मौत की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने, दोषी पुलिस एवं जेल अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करते हुए उचित कार्रवाई करने, मृतक के आश्रितों को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा प्रदान करने, पत्नी, माता-पिता एवं आश्रित परिवार के पुनर्वास की व्यवस्था करने, मृतक की दोनों बेटियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करने, भाव्या बघेल के हृदय रोग के उपचार का पूरा खर्च शासन द्वारा वहन किए जाने तथा थाना कोतरारोड़ और जिला जेल के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर सच्चाई सार्वजनिक करने की मांग की है।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

संजय बघेल अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य बताया जा रहा है। उसके परिवार में माता-पिता, पत्नी और दो नाबालिग बेटियां हैं। परिजनों का कहना है कि संजय की मौत के बाद परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। परिजनों ने बताया कि उसकी छोटी बेटी भाव्या बघेल हृदय संबंधी गंभीर बीमारी से पीड़ित है और उसके दिल में छेद होने के कारण उसका इलाज चल रहा था। परिजनों ने उसके निःशुल्क उपचार की व्यवस्था करने की मांग भी शासन से की है।

कैदी के साथ मारपीट की बात गलत है। फिर भी परिजनों की शिकायत पर विभागीय जांच होगी, यदि इसमें कोई दोषी पाया जाता है तो नियमत: कार्रवाई की जाएगी। हालांकि इस मामले से संबंधित फुटेज की जांच भी जा रही है। सभी तथ्यों को बारिकी से देखा जा रहा है।

शशि मोहन सिंह
एसएसपी, रायगढ़

जेल में कैदी की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उसका इलाज जेल ही कराया गया। किंतु उसकी हालत में सुधार नहीं होता देख उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

**जीएस शोरी**
**जेल अधीक्षक, जिला जेल रायगढ**

### स्वस्थ हालत में जेल गया मौत पर उठे सवाल

परिजनों का कहना है कि संजय बघेल पूरी तरह स्वस्थ था और उसे किसी प्रकार की गंभीर बीमारी नहीं थी। जेल भेजे जाने के तीन दिन बाद उसकी मौत की सूचना मिली, जिससे पूरे मामले पर संदेह गहरा गया है। मृतक की पत्नी रम्भा बघेल, पिता प्यारेलाल बघेल तथा अन्य परिजनों का आरोप है कि संजय के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे, उसके मुंह से खून निकल रहा था तथा शव से दुर्गंध आ रही थी। परिजनों ने सीधे तौर पर जेल के भीतर उसके साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। परिजनों की मानें तो इसकी मारपीट की वजह से ही उसकी मौत हुई है।

### सीसीटीवी फुटेज की जांच की मांग

परिवार ने पूरे मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए थाना कोतरारोड़ और जिला जेल के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि फुटेज से यह स्पष्ट हो सकेगा कि संजय के साथ हिरासत के दौरान और जेल के भीतर क्या हुआ। आखिर उसकी मौत कैसे हुई। इस मामले को लेकर ग्रामीणों और परिजनों में भारी आक्रोश है। अब सभी की निगाहें प्रशासनिक जांच और शासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

### गरज-चमक के साथ बारिश के आसार मौसम विभाग अलर्ट

**रायगढ़।** जिले में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। मौसम विभाग ने अगले 3 घंटों के लिए रायगढ़ सहित 15 जिलों में मध्यम तूफान, तेज सतही हवाओं और बारिश की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार कई स्थानों पर अचानक मौसम खराब हो सकता है, मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इन क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बारिश होने के साथ ही 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने और स्थानीय मौसम प्रणालियों के प्रभाव से कई क्षेत्रों में अचानक मौसम बदल सकता है। कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की जा सकती है, वहीं गरज-चमक की घटनाएं भी देखने को मिल सकती हैं। ऐसे में कमजोर ढांचे, पेड़ों और बिजली लाइनों को नुकसान पहुंचने की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने किसानों को खेतों में कार्य करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी है। वहीं खुले स्थानों, खेतों, तालाबों और ऊंचे पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने की अपील की गई है। तेज हवा के कारण कमजोर संरचनाओं, होर्डिंग्स और पेड़ों को नुकसान पहुंचने की आशंका भी जताई गई है। दिनभर उमस और बादलों की आवाजाही के बाद मौसम में बदलाव के संकेत मिले हैं। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ घंटों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बूंदाबांदी से लेकर मध्यम बारिश तक हो सकती है। प्रशासन ने नागरिकों से मौसम संबंधी अपडेट पर नजर रखने और किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## उधार वसूली के नाम पर घर में घुसकर मारपीट, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- 10 लाख रुपये की मांग कर दी जान से मारने की दी थी धमकी



उधारी रकम की जबरन वसूली के लिए एक कारोबारी के घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में चिन्हांकित गुंडा बदमाश कपिल सोलंकी समेत मनीष परियानी और गिरीश माखीजा शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार आशीर्वाद पुरम कॉलोनी निवासी 52 वर्षीय कमलेश सिंह ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह कोयला ट्रांसपोर्टिंग का कार्य करता है। आर्थिक परेशानियों के कारण वह कुडेकेला निवासी एक व्यक्ति का करीब सात लाख रुपये का भुगतान पिछले तीन वर्षों से नहीं कर पाया था। शिकायत के मुताबिक 11 जून की दोपहर कपिल सोलंकी अपने दो साथियों मनीष परियानी और गिरीश माखीजा के साथ उसके घर पहुंचा। आरोप है कि तीनों जबरन घर में घुस गए और 10 लाख रुपये की मांग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने हाथ-मुक्कों और डंडे से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत मिलने पर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। मुख्य आरोपी कपिल सोलंकी की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में उसके दोनों साथियों की संलिप्तता सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर मनीष परियानी और गिरीश माखीजा को भी गिरफ्तार कर लिया।

### तीनों का रहा है आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस के अनुसार कपिल सोलंकी थाना कोतवाली क्षेत्र का चिन्हांकित गुंडा बदमाश है। उसके विरुद्ध हत्या के प्रयास, पॉक्सो एक्ट, आर्म्स एक्ट, बलवा और मारपीट समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। वहीं मनीष परियानी पर लूट, मारपीट, आबकारी एक्ट और जुआ एक्ट के कई प्रकरण दर्ज हैं तथा उसके विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई भी हो चुकी है। गिरीश माखीजा के खिलाफ भी जुआ, सट्टा और मारपीट के कई मामले दर्ज हैं।

## ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा नेटवर्क का फरार सदस्य गिरफ्तार

**रायगढ़।** खरसिया पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी सुभेष अग्रवाल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी पर आईपीएल और अन्य क्रिकेट मैचों में ऑनलाइन सट्टा संचालन तथा लेन-देन के हिसाब-किताब में सक्रिय भूमिका निभाने का आरोप है।



जानकारी के अनुसार यह मामला वर्ष 2025 में उजागर हुए ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा नेटवर्क से जुड़ा है। 29 अप्रैल 2025 को साइबर सेल और खरसिया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में खरसिया के नवीन स्कूल के पास से अंकित अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया था। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन और 21 हजार रुपये नकद बरामद किए गए थे। मोबाइल की जांच में व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित किए जाने के प्रमाण मिले थे। पूछताछ के दौरान अंकित अग्रवाल ने खुलासा किया था कि वह अमित अग्रवाल और सुभेष अग्रवाल के साथ मिलकर ऑनलाइन सट्टा कारोबार संचालित करता था। जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य व्हाट्सएप के जरिए सट्टेबाजों से संपर्क कर क्रिकेट मैचों पर हार-जीत का दांव लगवाते थे। सुभेष अग्रवाल की भूमिका सट्टे की रकम के लेन-देन और हिसाब-किताब संभालने की बताई गई थी।

मामले में अंकित अग्रवाल की गिरफ्तारी के बाद सह-आरोपी अमित अग्रवाल और सुभेष अग्रवाल फरार हो गए थे। फरार आरोपियों की तलाश के दौरान खरसिया पुलिस को सूचना मिली कि सुभेष अग्रवाल क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपी ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

### ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा सिंडिकेट से जुड़ा फरार आरोपी आकाश पंसारी गिरफ्तार

**रायगढ़।** साइबर पुलिस की टीम ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा सिंडिकेट से जुड़े फरार आरोपी आकाश पंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जांच के दौरान आरोपी का नाम ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा नेटवर्क के मुख्य संचालक माने जा रहे करण चौधरी गैंग की पड़ताल में सामने आया था।



पुलिस के अनुसार तकनीकी साक्ष्यों, चैट रिकॉर्ड, डिजिटल ट्रेल और वित्तीय लेन-देन की जांच में आकाश पंसारी की सक्रिय भूमिका उजागर हुई थी, जिसके बाद वह फरार हो गया था। साइबर थाना की टीम ने सूचना और तकनीकी इनपुट के आधार पर सक्ती में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसके ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालन के साथ-साथ सट्टे की रकम को हवाला नेटवर्क के जरिए विभिन्न स्थानों तक पहुंचाने में शामिल होने के संकेत मिले हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 मोबाइल फोन जब्त किया है। गौरतलब है कि 26 अप्रैल को रायगढ़ और घरघोड़ा में संयुक्त कार्रवाई के दौरान छह आरोपियों को गिरफ्तार कर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और नगदी जब्त की गई थी। जांच में रायगढ़ से लेकर रायपुर, बिलासपुर, सक्ती और दिल्ली तक फैले ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क तथा हवाला चैनलों के जरिए धन के लेन-देन के प्रमाण मिले हैं।

### हनुमान मंदिर की प्रतिमा तोड़े जाने से बवाल, ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**रायगढ़।** भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसदा में स्थित हनुमान मंदिर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है और ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 12 जून की शाम करीब 6 बजे ग्राम गोरखा में मौजूद सहसंपर्क प्रभारी को सूचना मिली कि परसदा मुख्य मार्ग स्थित हनुमान मंदिर में एक व्यक्ति ने मंदिर की प्रतिमा को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। सूचना मिलते ही वे अपने साथियों शंकर झा, पवन गोयल, राजकुमार शर्मा एवं अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि मंदिर में स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा बुरी तरह टूटी हुई थी। वहीं स्थानीय लोगों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर रखा था। पूछताछ में उसने अपना नाम अमित सिंह पिता चंद्रभूषण सिंह बताया। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी ने स्वयं प्रतिमा तोड़ने की बात स्वीकार की है। घटना से गांव के लोगों और श्रद्धालुओं में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि इस कृत्य से उनकी धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने भूपदेवपुर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### बाहरी राज्यों के लोगों को रायगढ़ का निवासी दिखाकर बन रहे थे लाइसेंस!

## फर्जी लाइसेंस रैकेट की जांच तेज, ट्रेवल्स एजेंसी पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने की शिकायत के बाद पुलिस और परिवहन विभाग ने जांच तेज कर दी है। इसी कड़ी में पुलिस और आरटीओ की संयुक्त टीम ने एक ट्रेवल्स एजेंसी में दबिश देकर दस्तावेजों की जांच शुरू की है। प्रारंभिक जांच में कई आवेदकों के पते समान पाए गए हैं, जिससे फर्जीवाड़े की आशंका और गहरा गई है।

जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पुलिस और परिवहन विभाग संयुक्त रूप से कार्रवाई कर रहे हैं। इसी दौरान शिकायत मिली कि स्थानीय स्तर पर संचालित बाबा ट्रेवल्स नामक एजेंसी द्वारा ओडिशा समेत अन्य राज्यों के निवासियों को रायगढ़ का निवासी दर्शाकर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने का काम किया जा रहा है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा और यातायात डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस, यातायात और आरटीओ की संयुक्त टीम ने एजेंसी में जांच की। जांच के दौरान मिले दस्तावेजों में कई आवेदकों के पते एक जैसे पाए गए। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि बाहरी राज्यों के लोगों के लिए स्थानीय स्तर पर किरायानामा और शपथ-पत्र तैयार कर उन्हें रायगढ़ का निवासी दर्शाया गया। जांच टीम को यह भी जानकारी मिली है कि कुछ मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवश्यक ड्राइविंग टेस्ट में वास्तविक आवेदक के स्थान पर अन्य व्यक्तियों को शामिल किया गया हो सकता है। इस पहलू की भी गंभीरता से जांच की जा रही है।




### 180 ड्राइविंग लाइसेंस जांच के घेरे में

पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा करीब 180 लाइसेंसधारियों के दस्तावेजों, निवास प्रमाण पत्रों और लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया से जुड़े अभिलेखों का सत्यापन किया जा रहा है। यदि जांच में फर्जी दस्तावेजों का उपयोग या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित व्यक्तियों और एजेंसियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला

पुलिस अधिकारियों का मानना है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लाइसेंस प्राप्त कर भारी वाहनों का संचालन सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। ऐसे मामलों में अनुभवहीन चालक भी सड़कों पर भारी वाहन चलाते पाए जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है।

## अदालत ने दिया था आदेश, कोतवाली टीआई कह रहे नहीं गया प्रतिवेदन

**रायगढ़।** सहारा इंडिया की स्कीम में अपनी गाढ़ी कमाई जमा करके बर्बाद हो चुके लोगों के साथ कोतवाली पुलिस मजाक कर रही है। जिस केस में टीआई कोतवाली के ही पत्र पर ओमप्रकाश शर्मा और उसकी पत्नी के चार बैंक एकाउंट फ्रीज किए गए थे, उसकी जानकारी के लिए आरटीआई लगाई गई तो वर्तमान टीआई ने इससे इंकार कर रहे हैं। जबकि जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कोर्ट में खाते अनफ्रीज करने अपील की गई थी जो खारिज कर दी गई थी। आखिर पुलिस किसे बचाने का प्रयास कर रही है।

सहारा इंडिया की लुभावनी स्कीम को बताकर लोगों से उनकी मेहनत की कमाई ऐंठ ली गई। पॉलिसी मैच्योर होने के बाद रकम उनको मिलनी थी लेकिन वह राशि भी रायगढ़ ब्रांच मैनेजर ओमप्रकाश शर्मा ने हड़प ली। शर्मा के खिलाफ सिटी कोतवाली में 2022 में एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसके बाद उसकी संपत्तियों की छानबीन शुरू की गई। विवेचना के दौरान तत्कालीन कोतवाली टीआई ने ही 2014 से शर्मा और उसकी पत्नी के बैंक खातों की जानकारी देते हुए लेन-देन पर रोक लगाने बैंक को आदेशित किया था। बैंक ऑफ बड़ौदा के बैंक खाते, पीएनबी के खाते और एचडीएफसी के खाते को फ्रीज करने का आदेश कोतवाली से दिया गया था। इसके बाद ओमप्रकाश शर्मा ने ही सत्र न्यायाधीश के समक्ष इन खातों को अनफ्रीज करने की अपील की थी। उसका कहना था कि इन्हीं खातों से उसके कर्मचारियों का वेतन, व्यवसाय आदि चलता है। इसके बाद 21 मार्च 2024 तक पेशी बढ़ती रही। अंत में शर्मा ने इस आवेदन पर बल नहीं दिया। इसलिए अदालत ने अपील निरस्त कर दी थी। अब कोतवाली थाने का रवैया बड़ा अजीब है। एफआईआर के बाद खाते फ्रीज करने का आदेश भी कोतवाली से गया था।

सिटी कोतवाली की तरफ से इस मामले में किसी तरह का प्रतिवेदन कभी भी नहीं दिया गया है।

सुखनंदन पटेल
थाना प्रभारी, सिटी कोतवाली

**खबर संक्षेप**

## मिडिल स्कूल से हटाया अवैध कब्जा, फिर ताना टेंट



**पुसौर।** शासकीय माध्यमिक शाला सिहा के अहाते और उसके अंदर हुये अवैध कब्जा को तहसीलदार पुसौर द्वारा बेदखली के बाद फिर से वहां अवैध कब्जा कर लिया गया है। देवराज और भुनेश्वर पिता सचिदानंद ने स्कूल परिसर में दोबारा टेंट तान दिया है। स्कूल प्रबंधन और पंचायत की शिकायत पर कलेक्टर व एसडीएम के आदेश के बाद तहसीलदार ने पूरे अमले के साथ मौके पर पहुंचकर बेदखली की कार्रवाई की थी। ग्रामीणों और शासकीय अमले की मौजूदगी में स्कूल अहाते से अवैध दुकान और फैलाया गया कूड़ा कचरा हटाया गया था। स्कूल परिसर में शौचालय होने के कारण कब्जेधारियों की वजह से वहां लगातार गंदगी फैल रही थी। देवराज और भुनेश्वर के नाम पर पुश्तैनी जमीन में पीएम आवास स्वीकृत है। दोनों ने पहली किश्त की राशि भी आहरण कर ली है। इसके बावजूद अपना मकान न बनाकर दोनों ने स्कूल भूमि पर ही दोबारा टेंट लगा दिया है। पंचायत का कहना है कि ग्रामीण विकास शिक्षा स्वास्थ्य और स्वच्छता के मद्देनजर बार-बार शासन से कार्रवाई की मांग की जा रही है। यदि शासकीय जमीन हड़पने की नीयत रखने वालों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो जनहित के मुद्दे जस के तस रह जाएंगे और गांव का विकास रुक जाएगा। फिलहाल सिहा पंचायत के पदाधिकारी दोबारा टेंट लगाए जाने की शिकायत लेकर कलेक्टर रायगढ के समक्ष जाने की तैयारी में हैं।

## रोडोपाली मंडल में भाजयुमो की प्रथम परिचयात्मक बैठक



**रायगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने के संकल्प के साथ लैलूंगा विधानसभा के रोडोपाली मंडल' में भाजयुमो की प्रथम और परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित होकर मंडल पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। भाजयुमो अध्यक्ष सुमीत शर्मा ने बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए सार्थकता पर प्रकाश डाला। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूतीए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करना और युवाओं की सक्रिय भूमिका को लेकर रोडमैप तैयार करना रहा। सभी पदाधिकारियों से क्षेत्र की जमीनी समस्याओं को समझकर युवाओं को भाजपा की नीतियों और साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर मंडल भाजपा अध्यक्ष सरोज बेहरा, जनपद अध्यक्ष जागेश सिदारभाजयुमो जिला महामंत्री त्रिलोचन राठिया उमाशंकर शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पितेश बेहरा, कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवालए विनायक शर्मा, मंडल अध्यक्ष अभिषेक चौधरी, महामंत्री द्वय मुकेश देहरी, हेमंत सिदार और सौरभ नामदेव सहित पूरी मंडल टीम के साथ आत्मीय संवाद हुआ।

## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का उद्देश्य देश के ऐसे प्रतिभाशाली एवं प्रेरणादायी बच्चों को सम्मानित करना है, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल कर समाज में अपनी विशेष पहचान बनाई है। यह पुरस्कार 18 वर्ष तक की आयु के उन बच्चों को प्रदान किया जाएगा जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो।

# रिजित ने सीजी पीईटी में हासिल किया पहला स्थान



खरसिया। नगर के वार्ड क्रमांक 6, पनखतिया तालाब पार निवासी रिजित कुमार राठौर ने छत्तीसगढ़ प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट सीजी पीईटी 2026 में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर खरसिया का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा दिया है। रिजित की इस अभूतपूर्व सफलता से पूरे नगर में खुशी और गर्व का माहौल है। कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर रिजित ने हजारों प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए प्रदेश में टॉप रैंक हासिल की। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे खरसिया और रायगढ़ जिले को गौरवान्वित किया है। रिजित की सफलता यह साबित करती है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर की मोहताज नहीं होती। छोटे शहर और साधारण परिवेश से निकलकर भी युवा अपनी मेहनत के बल पर बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं।

# जशपुर की बेटी तमन्ना के सिर सजा मिस टीन इंडिया यूनिवर्स 2026 का ताज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले की बेटी तमन्ना परवीन ने राष्ट्रीय स्तर की ब्यूटी पेजेंट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'मिस टीन इंडिया यूनिवर्स 2026' का फर्स्ट विनर खिताब अपने नाम कर छत्तीसगढ़ और जिले का गौरव बढ़ाया है। गोवा में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

दो दिनों तक चली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, प्रतिभा, व्यक्तित्व और मंच पर प्रस्तुति का अलग-अलग राउंड के माध्यम से



मूल्यांकन किया गया। विजेता घोषित होने के बाद तमन्ना परवीन को ताज पहनाकर ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु सहित कई राज्यों की प्रतिभागियों ने भाग लिया। पहले दिन ग्रूमिंग और ओरिएंटेशन सेशन के बाद वेस्टर्न राउंड, रैंप वॉक, टैलेंट प्रेजेंटेशन, डांस परफॉर्मेंस, बॉलीवुड थीम अपीयरेंस और सवाल-जवाब राउंड आयोजित किए गए। टैलेंट राउंड में प्रतिभागियों ने हॉलीवुड थीम पर रोल-प्ले एक्ट प्रस्तुत किए। वहीं इंटरव्यू राउंड में उनके कॉन्फिडेंस, कम्युनिकेशन स्किल्स और स्टेज प्रेजेंस को परखा गया। दूसरे दिन फोटोशूट और अन्य गतिविधियों के बाद निर्णायकों ने प्रदर्शन के आधार पर विजेता का चयन किया। तमन्ना परवीन ने सभी राउंड में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 'मिस टीन इंडिया यूनिवर्स 2026' का खिताब हासिल किया।

### दो साल में जीते दो बड़े खिताब

तमन्ना ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों से यह मुकाम हासिल किया है। इससे पहले उन्होंने रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ मिस दिवा 2025 का अवॉर्ड जीता था। इसके बाद वर्ष 2026 में आयोजित 'मिस टीन छत्तीसगढ़' प्रतियोगिता में भी वह टॉप विनर रही थीं। अब तमन्ना अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए थाईलैंड जाएंगी, जहां वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। तमन्ना ने अपनी सफलता का श्रेय निरंतर अभ्यास, अनुशासन और परिवार के सहयोग को दिया है। उन्होंने अपनी मां उर्मिला लकड़ा के सहयोग को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया। तमन्ना के पिता जहरुद्दीन जशपुर के करबला रोड निवासी हैं। बेटी की इस उपलब्धि से पूरे जिले में गर्व और खुशी का वातावरण है।

## गोमती साय ने जाना योजनाओं का जमीनी असर

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर महादेवदांड में सघन जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 12 जून को मंडल महादेवदांड में पत्थलगांव विधानसभा की विधायक गोमती साय एवं सरगुजा संगठन सह प्रभारी सुनील गुप्ता के नेतृत्व में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से घर-घर पहुंचकर मुलाकात की तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी ली। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन सहित अनेक जनहितकारी योजनाओं से उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है। विधायक गोमती साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार की योजनाएं गरीब, किसान,



**इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रतीक प्रकाश सिंह, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री लखु राम, जनपद अध्यक्ष बगीचा गायत्री नागेश, महिला मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य चुनमुन गुप्ता, मंडल महामंत्री दीपक नागेश एवं कृष्णा यादव, मंडल उपाध्यक्ष कुंवर साय, मंडल मंत्री उमेश गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति, युवा मोर्चा महामंत्री घनश्याम यादव एवं विनोद राम, किसान मोर्चा अध्यक्ष नैहर साय, महिला मोर्चा अध्यक्ष विजयी गंगा दास, प्यारों बाई, शक्ति केंद्र के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्षगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

महिला, युवा एवं वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। वहीं सुनील गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे हैं, जिसका लाभ आज देश का हर वर्ग महसूस कर रहा है।

### सांसद राठिया व विधायक भगत ने की ग्रामीणों के साथ बैठक

विधानसभा के ग्राम तोरा स्थित बजरंग बली मंदिर प्रांगण में सोनकयारी मंडल द्वारा आयोजित मोदी के 12 वर्ष सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के साथ केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी उपलब्धियों पर चर्चा की। कार्यक्रम जशपुर विधायक रायमुनी भगत की अध्यक्षता में हुई, जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद राधेश्याम राठिया उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, निःशुल्क राशन, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर जल, सड़क, बिजली एवं अन्य अनेक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने

## 13 करोड़ की पुल परियोजना चार साल बाद भी अधूरी, पहली बारिश में कीचड़ में फंसी यात्री बस



**बरमकेला।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला विकासखंड अंतर्गत विक्रमपाली में लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन पुल और पहुंच मार्ग का कार्य वर्ष 2022 से चल रहा है, लेकिन चार साल पूरे होने को हैं और परियोजना अब तक अधूरी है। पहली ही बारिश में निर्माणाधीन मार्ग की बदहाल स्थिति सामने आने के बाद ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है।

हाल ही में हुई हल्की बारिश के बाद पहुंच मार्ग पर भारी कीचड़ और दलदली हालात बन गए, जिससे यात्रियों से भरी एक बस बीच रास्ते में फंस गई। बस के पहिए मिट्टी में धंस गए और उसे बाहर निकालने के लिए जेसीबी मशीन बुलानी पड़ी। इस घटना ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और विभागीय निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों के अनुसार पुल निर्माण का करीब 60 से 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। पुल का मुख्य ढांचा लगभग तैयार है, लेकिन पहुंच मार्ग और कुछ अन्य कार्य शेष हैं। इसके बावजूद पिछले डेढ़ महीने से निर्माण कार्य पूरी तरह बंद पड़ा हुआ है। निर्माण स्थल पर सामग्री मौजूद है, लेकिन मजदूर और मशीनें नजर नहीं आ रही हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि विक्रमपाली की ओर बनाया गया जंक्शन संकरा है और सड़क के मोड़ पर दृश्यता कम होने से भविष्य में दुर्घटनाओं का खतरा बना रहेगा। पिछले वर्ष भी पुल अधूरा रहने के कारण लोगों को पुराने मार्ग का उपयोग करना पड़ा था, जहां तेज बहाव में एक कार बह जाने की घटना सामने आई थी।


चार साल से पुल का निर्माण, पूरा नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

### कई गांव से है संपर्क

यह पुल उड़ीसा सीमा से लगे नावापारा, कोतरा, कोसमडीही, कर्राकोट, अमलीपाली और बिरजूपाली सहित कई गांवों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की जांच, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने और शेष कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग की है। ग्राम पंचायत कोतरा की सरपंच हरिप्रिया सेतकुमार साहू ने भी समय रहते निर्माण पूरा नहीं होने पर आगामी बारिश में गंभीर समस्याओं की आशंका जताई है।

### शेष कार्य जल्द पूर्ण कराने की मांग

पहली ही बरसात में इस प्रकार की स्थिति निर्मित होना चिंता का विषय है। यदि समय रहते निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया और आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली बरसात में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। प्रशासन से पुल और पहुंच मार्ग का शेष कार्य जल्द पूर्ण कराने की मांग है।

-हरिप्रिया सेतकुमार साहू,सरपंच ग्राम पंचायत कोतरा

## प्रधानमंत्री के 4399 दिन के पर महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना



**खरसिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर कार्य करते हुए 4 हजार 399 दिनों का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। इस उपलब्धि को लेकर क्षेत्र में धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मदनपुर स्थित मदनेश्वर महादेव शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महेश साहू अपने साथियों के साथ मंदिर पहुंचे और विधिवत पूजा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं देश के निरंतर विकास की कामना की। कार्यक्रम में चित्र सेन तिवारी, पीतांबर प्रसाद पटेल, धन साईं पटेल, राम कुमार यादव, प्रशांत यादव, मनोज डंनसेना, मोनू राठौर और राज राठौर, सिम्मी चंद्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। जहां उपस्थित लोगों ने इस उपलब्धि को देश के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

## यात्रियों से भरी बस को ट्रक ने मारी टक्कर

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव शहर में शनिवार की शाम को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार जशपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक क्रमांक बीआर 1 जीएच 8577 के चालक ने शराब के नशे में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही सवारी बस को साइड से रगड़ दिया। घटना जशपुर रोड स्थित गणपति ग्लास के सामने की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि राजधानी बस क्रमांक सीजी 15 एबी 0615 यात्रियों को लेकर पत्थलगांव से कुनकुरी की तरफ जा रही थी। इसी दौरान जशपुर की तरफ से आ रहे तेज गति में आ रहे पहुंचे ट्रक ने विपरीत दिशा में जाकर बस को साइड से टक्कर मार दी। हादसे के समय बस में कई यात्री सवार थे। अचानक हुए जोरदार झटके से बस के अंदर अफरा-तफरी और भगदड़ की स्थिति बन गई। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक चालक शराब के नशे में दिखाई दे रहा था और वाहन अनियंत्रित तरीके से चला रहा था।

## लैलूंगा में शिक्षा अधोसंरचना के लिए 2.89 करोड़ रुपये स्वीकृत, कांग्रेस पर साधा निशाना

**रायगढ़।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता दीपक सिदार ने लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के लिए डीएमएफ मद से 2 करोड़ 89 लाख 39 हजार रुपये की लागत के विभिन्न निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है।



दीपक सिदार ने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासनकाल में लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र की उपेक्षा की गई और स्थानीय विधायक क्षेत्र के विकास के लिए कोई बड़ा कार्य नहीं करा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद क्षेत्र के स्कूलों के लिए बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत कार्यों में प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूल भवनों का निर्माण, जर्जर भवनों की मरम्मत तथा शौचालय निर्माण शामिल हैं। तोलमा में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भवन के लिए 77.32 लाख रुपये, जबकि जमुना, चवरपुर और आमापाली में नवीन विद्यालय भवन एवं शौचालय निर्माण के लिए 25-25 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा कई गांवों में स्कूल भवन निर्माण और मरम्मत के कार्य भी किए जाएंगे। सिदार ने कहा कि इन कार्यों से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी तथा बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। नए शौचालयों और भवनों से स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में भी सुधार होगा। उन्होंने दावा किया कि निर्माण कार्यों से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। भाजपा नेता ने कांग्रेस पर डीएमएफ मद में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने विकास कार्यों को गति दी है और लैलूंगा क्षेत्र को शिक्षा क्षेत्र में नई सौगात मिली है।

## युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

**जशपुरनगर।** जिले के ग्राम गलौडा में एक 22 वर्षीय युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, ग्राम गलौडा निवासी करण टोप्पो उम्र 22 वर्ष), पिता बरथोलोमीस टोप्पो, मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, रविवार शाम वह कीतम बाजार से वापस घर लौटा था। रात करीब 7 बजे उसने परिवार के साथ भोजन किया, जिसके बाद वह बिना किसी को बताए घर से बाहर निकल गया। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान गांव के समीप करंज के पेड़ पर उसका शव फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट की प्रयास ग्रीष्मकालीन कक्षा में 130 विद्यार्थियों को मिला करियर मार्गदर्शन

**रायगढ़।** अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शिक्षा कार्यक्रम प्रयास का आज वातावरण में सफल समापन हुआ। 1 मई से 13 जून तक ग्रीष्म कालीन निःशुल्क कोचिंग अभियान चला। बनोरा स्थित अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट द्वारा 01 मई से 13 जून तक चलाए गए इस कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं गणित विषयों का गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क अध्यापन कराया गया। पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम की प्रेरणा से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से शुरू हुए प्रयास में बनोरा सहित आसपास के 10 से अधिक ग्रामों के 130 से



अधिक छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। ग्रीष्मावकाश के दौरान गांव के बच्चों को शैक्षणिक माहौल देने की यह पहल अत्यंत सफल रही। विद्यार्थियों में अध्ययन रुचि, अनुशासन, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता का उल्लेखनीय विकास देखने को मिला। इस करियर मार्गदर्शन से बच्चों के भविष्य का रास्ता उज्ज्वल हुआ है। समापन दिवस पर प्रातः 7 से 9.30 बजे तक विशेष करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। सत्र में विद्यार्थियों को चिकित्सा, अभियांत्रिकी, प्रशासनिक सेवाएं, रक्षा सेवाओं सहित अन्य करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## ग्रामीण क्षेत्रों में भंडारण एवं आपूर्ति व्यवस्था होगी और अधिक सुदृढ़

# 26 नवीन पीडीएस भवनों के लिए 3.58 करोड़ रुपए से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति

रायगढ़। ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक मजबूत बनाने जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत जिले के 8 विकासखंडों में 26 नवीन सार्वजनिक वितरण प्रणाली भवनों के निर्माण हेतु 3 करोड़ 58 लाख 84 हजार रूपए से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। यह स्वीकृति डीएमएफ शासी परिषद की आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में प्रदान की गई है।

शासन द्वारा ग्रामीण विकास एवं बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है। लैलूंगा, खरसिया, धरमजयगढ़, घरघोड़ा, रायगढ़ एवं तमनार विकासखंडों की ग्राम पंचायतों में यह निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत कृषि उत्पादों के संग्रहण, भंडारण एवं प्रसंस्करण इकाई के प्रोत्साहन सेक्टर में स्वीकृत इन कार्यों के तहत लैलूंगा विकासखंड की 5 ग्राम पंचायतों तोलगे, गहनाझरिया, जतरा, झगरपुर एवं लमडांड, में पीडीएस भवन गोदाम निर्माण हेतु 74.00 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। खरसिया विकासखंड की 5 ग्राम पंचायतों भैनापारा, चोंढा, नहरपाली, जोबी एवं मीनगाँव हेतु 62.00 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। धरमजयगढ़ विकासखंड की 4 ग्राम पंचायतों वैरागी, क्रिन्धा, पखनाकोट एवं तरेकेला हेतु 50.40 लाख रुपए, घरघोड़ा विकासखंड की 4 ग्राम पंचायतों छर्राटांगर, बड़े गुमड़ा, डेहरीडीह एवं नवागढ़द्ध हेतु 53.24 लाख रुपए, रायगढ़ विकासखंड की 4 ग्राम पंचायतों बंगुरसिया, कोटमार, पतरापाली एवं कुशवाबहरी हेतु 59.20 लाख रुपए तथा तमनार विकासखंड की 4 ग्राम पंचायतों नुनदरहा, डोलेसरा, बिजना एवं जांजगीर हेतु 59.20 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### जनपद सीईओ कार्य एजेंसी नियुक्त

इन सभी निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन हेतु संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कार्य एजेंसी नियुक्त किया गया है। कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। स्वीकृत राशि का उपयोग केवल निर्धारित कार्यों के लिए ही किया जाएगा तथा भंडार क्रय नियम 2002 का कड़ाई से पालन अनिवार्य होगा। प्रत्येक निर्माण स्थल पर योजना का नामए स्वीकृत राशि, डीएमएफ लोगो तथा कार्य प्रारंभ एवं पूर्णता तिथि सहित स्थायी सूचना फलक लगाना अनिवार्य किया गया है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर कमी पाए जाने पर सुधार कार्य का संपूर्ण व्यय संबंधित कार्य एजेंसी द्वारा वहन किया जाएगा।

### मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य

साथ ही प्रत्येक कार्य की प्रगति एवं व्यय का मासिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह की 5 तारीख तक जिला खनिज संस्थान न्यास रायगढ़ को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इन 26 नवीन पीडीएस भवनों के निर्माण से जिले की सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूती मिलेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भंडारण एवं आपूर्ति व्यवस्था अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित होगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा।

## प्रतिभा को मिलेगा संबल, डीएमएफ की खनिज ज्योति योजना से खुलेगी उच्च शिक्षा की राह

**रायगढ़।** आर्थिक अभाव अब खनन से प्रभावित क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा में बाधा नहीं बनेगा। जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ द्वारा खनिज ज्योति योजना प्रारंभ की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक अभाव के कारण किसी भी खनन प्रभावित विद्यार्थी की उच्च शिक्षा बाधित न हो।

इस योजना के अंतर्गत चयनित मेधावी विद्यार्थियों को देश एवं राज्य के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में नियमित स्नातक यूजी स्नातकोत्तर पीजी इंजीनियरिंग, मेडिकल एमबीबीएस बीएएमएस, विधि प्रबंधन एमबीए डिप्लोमा एवं अन्य कृषि एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने पर शत प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। यह योजना वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए कुल 20 स्वीकृत सीटों सीमित के लिए संचालित है।

शिक्षा को अंतिम छोर तक पहुँचाने के इसी उद्देश्य के साथ खनन गतिविधियों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कमजोर बीपीएल एवं प्रतिभावान छात्र छात्राओं के लिए यह योजना शुरू की गई है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक अनिवार्य रूप से रायगढ़ जिले के खनन प्रभावित घोषित ग्रामों या नगरीय निकायों का स्थायी निवासी होना चाहिए तथा उसके परिवार का नाम राज्य शासन की चालू बीपीएल बीपीएल अथवा अंत्योदय सूची में दर्ज होना चाहिए और वैध राशन कार्ड होना अनिवार्य है।



## इम्तियाज अली निर्देशित 'मैं वापस आऊंगा' हुई रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' आज रिलीज हो गई है। यह फिल्म भारत के 1947 के बंटवारे के उथल-पुथल भरे दौर में पनपे प्यार और तड़प की कहानी कहती है। इम्तियाज अली ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, जिसमें 2 अलग-अलग समय के दौर को खूबसूरती से पिरोया गया है। फिल्म में शरवरी ने जिया नाम का एक ऐसा किरदार निभाया है, जो इस जज्बाती और कई पीढ़ियों तक चलने वाली कहानी की धुरी है। शरवरी ने इस फिल्म को अपने दिल के बेहद करीब बताया। उन्होंने आगे बताया कि यह प्यार और तड़प की एक ऐसी कहानी है, जो सभी सीमाओं, समय और यादों से परे है।

लाइफ Style

# जेनिफर

## कब और किसके साथ सात फेरे लेंगी टीवी की 'माया'

छोटे पर्दे पर अपनी बेहतरीन अदाकारी से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस जेनिफर विंगेट एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में हैं। सोशल मीडिया पर बीते कुछ हफ्तों से चल रही तमाम अटकलों पर अब विराम लगता नजर आ रहा है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री के करीबी सूत्रों के हवाले से यह पक्की खबर सामने आई है कि जेनिफर इस समय सिंगापुर के बिजनेसमैन विलियम इश्माएल के साथ रिलेशनशिप में हैं। यह कपल अब अपने इस रिश्ते को शादी के मुकाम तक ले जाने की पूरी तैयारी कर चुका है। लगभग 41 साल की एक्ट्रेस के करीबी सूत्रों ने बताया है कि जेनिफर और इश्माएल कुछ समय से रिलेशनशिप में हैं और अब अपने रिश्ते को अगले पड़ाव पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कपल साथ में बहुत खुश है, विलियम ने छुट्टियों के दौरान जेनिफर को प्रपोज़ किया और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया। अब वे अपनी शादी की योजना बना रहे हैं।

खबर है कि यह कपल क्रिश्चियन रीति-रिवाज से शादी करने पर विचार कर रहा है। हालांकि शादी की तारीख और जगह अभी तय नहीं हुई है, लेकिन वे शादी के लिए सितंबर या अक्टूबर के बारे में सोच रहे हैं। अगर उन महीनों में शादी नहीं हो पाती है, तो वे दिसंबर या जनवरी में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। जेनिफर की सगाई और शादी की योजनाओं की चर्चा ने फैंस को बहुत उत्साहित कर दिया है।



हॉलीवुड मसाला



## डांस से मंच पर मचेगी असली धूम

**लॉस एंजिल्स।** पॉप क्वीन मैडोना और एब्सोल्यूट वोदका मिलकर 'एब्सोल्यूट आइकॉन' नाम से एक नया कैंपेन शुरू कर रहे हैं। यह कैंपेन मैडोना के नए एलबम 'कॉन्फेशंस' से प्रेरित है। इस कैंपेन में डांस को एक खास जगह के तौर पर दिखाया जाएगा, जहां लोग एक-दूसरे से मिलते हैं और अपने मन की बात कह पाते हैं। मैडोना का कहना है कि संगीत और डांस के जरिए लोगों को आपस में जुड़ने से ऐसी खुशी मिलती है, जिससे वे अपनी जिंदगी की खुशी फिर से महसूस कर पाते हैं।



## 'विडोज बे' की रूथ का राज खुला, फिनाले में भूचाल...

**लॉस एंजिल्स।** एप्पल टीवी पर 'विडोज बे' का सीजन फिनाले 17 जून को आ रहा है और इस बार कहानी काफी गरमा गई है। पिछले एपिसोड में एक बड़ा खुलासा हुआ था। पता चला है कि मेयर टॉम की सहायक रूथ असल में इस शहर के संस्थापक की आखिरी वंशज है और शहर पर छाए डरावने श्राप की वजह भी वही है। एपिसोड तब खत्म हुआ जब टॉम टाउन हॉल से बाहर निकला। अटकलें लगाई जा रही हैं कि शायद वह रूथ के घर की तरफ ही जा रहा है। ऐसे में दर्शक यह जानने के लिए बेताब हैं कि आगे क्या होने वाला है। शो की क्रिएटर केटी डिपोल्ड बताती हैं कि वह हॉरर और कॉमेडी का मेल इसलिए करती हैं, क्योंकि उनकी नजर में जिंदगी एक बुरा सपना है और इसमें जिंदगी की बेतुकी हकीकत भी शामिल है।



## मैं कई मर्दों के साथ रिश्ता रखती हूं

**मुंबई।** अभिनेत्री शहाना गोस्वामी ने अपने रिश्तों को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उनके जीवन में कई पुरुषों के साथ गहरे संबंध हैं, लेकिन ये रिश्ते किसी एक परंपरागत मोनोगेमी में बंधे नहीं हैं। शहाना का कहना है कि प्यार का मतलब जरूरी नहीं कि हमेशा एक ही व्यक्ति के साथ रहना हो। शहाना ने एक इंटरव्यू में साफ कहा कि इस समय उनका कोई एक खास पार्टनर नहीं है। फिर भी उनके कई लोगों के साथ लंबे समय से जुड़ाव है। ये संबंध कैजुअल नहीं हैं, बल्कि गहरी दोस्ती और समझ पर आधारित हैं। उन्होंने जोर दिया कि हर रिश्ता अपने आप में खास है और इन्हें किसी खास दिशा में जबरदस्ती ढालने की जरूरत नहीं है। शहाना के अनुसार, उनके कुछ संबंध सिर्फ दोस्ती तक सीमित रहते हैं, तो कुछ में शारीरिक नजदीकी भी आ जाती है।




## सनी- अक्षय के बीच होगी बड़ी जंग

**मुंबई।** बॉलीवुड के 2 दिग्गज कलाकार सनी देओल और अक्षय खन्ना जल्द ही एक धमाकेदार कोर्टरूम ड्रामा फिल्म में आमने-सामने नजर आने वाले हैं। नेटफ्लिक्स ने उनकी आगामी फिल्म 'इक्का' का एक बेहद दमदार और नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसके साथ ही फिल्म की आधिकारिक रिलीज तारीख का भी ऐलान कर दिया गया है। आइए जानते हैं अक्षय खन्ना और सनी देओल के कड़क अंदाज से सजी ये फिल्म किस दिन दर्शकों के बीच आएगी। सनी और अक्षय पूरे 29 साल बाद एक बार फिर स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। नेटफ्लिक्स ने अब फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान कर दिया है। ये फिल्म 10 जुलाई को सीधे नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। यह फिल्म एक दमदार और कड़क कानूनी ड्रामा है।

टीवी मसाला



## 'लॉकअप सीजन 2' में रितेश और फराह खान बनेंगे क्रूर जेलर...

**मुंबई।** एकता कपूर का रियलिटी शो 'लॉकअप' अपने दूसरे सीजन के साथ लौट रहा है। करीब 4 साल बाद वापसी करने जा रहा यह शो बेबाक ड्रामा, दिमागी खेल और नए सिस्टम पर आधारित होगा। निर्माताओं की ओर से लगातार शो के प्रोमो जारी हो रहे हैं, लेकिन प्रतियोगियों के नाम अब तक सामने नहीं आए। हालांकि सोशल मीडिया पर 'लॉकअप 2' में आने वाले प्रतियोगी के नामों पर अटकलें जोर-शोर से लगाई जा रही हैं।

***इन सितारों का नाम आ रहा सामने :*** 'लॉकअप 2' में इस बार होस्ट की कमान 2 मशहूर सितारों के हाथों में होगी। हालिया प्रोमो में खुलासा हुआ था कि रितेश देशमुख और फराह खान शो की थीम के अनुसार क्रूर जेलर बनेंगे। दोनों मिलकर प्रतियोगियों को शो में बने रहने के लिए अपनी सच्चाई स्वीकार करने के लिए मजबूर करते दिखेंगे। पिंकविला के मुताबिक, शो में आने वाले प्रतियोगियों में राम, शिवांगी और उर्फी जावेद, उर्वशी ढोलकिया, शिल्पा शिंदे और अर्चना गौतम का नाम चर्चा में है।

***इस बार नेटफ्लिक्स पर धाक जमाने आएगा शो :*** साल 2022 में 'लॉकअप' का पहला सीजन एमएक्स प्लेयर पर आया था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। इस बार निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स को शो का नया ठिकाना बनाया है। यह 27 जून, 2026 से दस्तक देने के लिए तैयार है। हर नए एपिसोड शनिवार से बुधवार तक भारतीय समयानुसार रात 8 बजे रिलीज होंगे। शो में कुल 14 प्रतियोगी शामिल होंगे जिन्हें टीमों में विभाजित किया जाएगा, जिससे वह मुश्किल मानसिक और शारीरिक कार्यों को पूरा कर सकें।

## 'बिग बॉस सीजन 20' के लिए सितारों से शुरू हुआ संपर्क

**मुंबई।** लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' अपने 20वें सीजन के साथ लौटने वाला है। इसके लिए निर्माताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बताया जा रहा है कि आगामी सीजन दोगुना नाटकीय और रोमांचक सफर से भरपूर होगा। पिछले अन्य सीजन की तरह इस सीजन की मेजबानी भी सलमान खान करते हुए नजर आएंगे। चूंकि अभिनेता निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की फिल्म 'एसवीसी 63' में व्यस्त हैं, इसलिए निर्माताओं ने उनके शेड्यूल को ध्यान में रखकर तारीख पर चर्चा की है। मीडिया सूत्रों के मुताबिक, पिछले सीजन की तरह ही 'बिग बॉस' का 20वां सीजन सितंबर महीने में टीवी पर लौटेगा। इसकी प्रीमियर तारीख 21 सितंबर तय करने की योजना बनाई जा रही है। बताया जा रहा है कि सलमान की टीम शो उनके शेड्यूल को व्यवस्थित करने और फिल्म की शूटिंग में कोई देरी न हो, इसके लिए तारीखें तय करने में जुटी हुई है। शो के निर्माता आधिकारिक तौर पर नए सीजन के साथ आगे बढ़ रहे हैं।



## ऐश्वर्या राय बनी जेडब्ल्यू मैरियट की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपनी अचिवमेंट लिस्ट में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ ली है। बात दें, अब वह दुनिया के टॉप लग्जरी होटल ब्रांड जेडब्ल्यू मैरियट की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बन गई हैं। इस नए कॉलोब्रेशन के साथ ऐश्वर्या इंटरनेशनल लेवल पर ब्रांड का रिप्रेजेंट करती नजर आएंगी और इसके स्पेशल कैंपेन स्टे इन द मोमेंट से जुड़ेंगी।

***क्या है स्टे इन द मोमेंट?:*** जेडब्ल्यू मैरियट, जो मैरियट बॉनवॉय के ग्लोबल पोर्टफोलियो का हिस्सा है, उन्होंने हाल ही में इस कॉलोब्रेशन की अनाउंसमेंट की है। बता दें, ब्रांड का स्टे इन द मोमेंट प्लेटफॉर्म ट्रेवल्स को प्रेजेंट मोमेंट एन्जॉय करने, मेंटल पीस और जर्नी के डेस्टिनेशन तक पहुंचे के बजाय एक यादगार एक्सपीरियंस के तौर पर देखने के लिए इंस्पायर करता है। कंपनी का कहना है कि ऐश्वर्या राय की दुनिया भर में अच्छी पहचान है और उनकी छवि भी काफी मजबूत है। इसके साथ अलग-अलग देशों और संस्कृतियों के लोगों से जुड़ने की उनकी क्षमता उन्हें इस अभियान के लिए एक बेहतरीन चेहरा बनाती है। वहीं अब वह जेडब्ल्यू मैरियट के वैश्विक विज्ञापनों, डिजिटल कैंपेन, प्रिंट प्रमोशन और खास ब्रांड इवेंट्स में नजर आएंगी।



***ऐश्वर्या की पॉपुलैरिटी से मिलेगा फायदा :*** यह साझेदारी ऐसे समय में हुई है जब जेडब्ल्यू मैरियट अपने कारोबार को दुनिया भर में तेजी से बढ़ा रहा है। भारत भी कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बन चुका है, जहां लग्जरी और खास अनुभवों वाली यात्राओं की मांग लगातार बढ़ रही है। इस बीच कंपनी को उम्मीद है कि ऐश्वर्या की पॉपुलैरिटी और ग्लोबल पहचान ब्रांड को और ज्यादा लोगों तक पहुंचाने में मदद करेगी। बता दें कि ऐश्वर्या राय ने 1994 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय पहचान हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने फिल्मों, फैशन और कई सोशल इवेंट्स के जरिए दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनाई। अब जेडब्ल्यू मैरियट की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनने के साथ उनके करियर में एक और बड़ी अचीवमेंट जुड़ गई है।

## 'धमाल 4' का ट्रेलर जारी, पुरानी पलटन के कारनामे देख नहीं रुकेगी हंसी...

**मुंबई।** अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धमाल 4' का ट्रेलर आखिरकार जारी हो गया है। यह 4 गुना ज्यादा धमाचौकड़ी, अराजकता और भ्रम से भरपूर है, जिसने लोगों को अभी से उत्साहित कर दिया है।

फिल्म में अजय अपने किरदार 'गुड्डू' के रूप में लौटे हैं। उनके साथ-साथ रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी की वापसी भी हुई है। इंद्र कुमार द्वारा निर्देशित यह 'धमाल फ्रैंचाइजी' की चौथी किस्त है। इस बार कहानी खजाने के इर्द-गिर्द घूमती है। कॉमेडी और ड्रामे से भरपूर यह फिल्म 10 जुलाई को सिनेमाघरों में आ रही है।




***अनोखा खजाना ढूंढने निकली पूरी पलटन :*** ट्रेलर पूरी तरह से कॉमेडी, अराजकता और पागलपन से भरपूर है, जो पलकें झपकाने का एक मौका नहीं देगा। इस बार अजय, रितेश, आदि और मानव खजाने की तलाश में निकलते हैं, लेकिन उनके सामने विलेन रवि किशन हैं। दो मछलियों पर पैर रखकर स्टंट करना, शब्बो' के बॉयफ्रेंड से टकराव होना और अजीबोगरीब परिस्थितियों में मानव का अपने-आप आगे आ जाना, ऐसे कई दृश्य हैं जो फिल्म देखने के लिए मजबूर कर देंगे। कुल मिलाकर ट्रेलर जबरदस्त लगता है।

### इन कलाकारों ने भी दिखाई कलाबाजी

'धमाल 4' का निर्माण टी-सीरीज फिल्म्स, मारुति इंटरनेशनल और पैनोरमा स्टूडियोज के बैनर तले किया गया है। यह हर उम्र के दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने का वादा करती है। रवि भी फ्रैंचाइजी का हिस्सा बन गए हैं और अपने किरदार 'कैप्टन माइकल' के रूप में शानदार लगे हैं। उनके अलावा संजीदा शेख, अंजिल आनंद और उपेंद्र लिमये भी इसका हिस्सा हैं।

## गोविंद ने कहा- वो उनकी कल्पना से परे था और उनका भरोसा तोड़ा गया

# गोविंद नामदेव ने छोड़ी 'काला हिरण', बोले- मैं सलमान के खिलाफ कभी नहीं जा सकता

*मुंबई। सलमान खान के विवाद पर बनी फिल्म 'काला हिरण' को लेकर विवाद जारी है। अब फिल्म के अभिनेता गोविंद नामदेव ने निर्माताओं पर 'धोखा देने' का गंभीर आरोप लगाकर इस विवाद को नया मोड़ दे दिया है। एक हालिया बातचीत में अभिनेता ने दावा किया कि निर्माताओं ने उन्हें पूरी सच्चाई बताए बिना अंधेरे में रखकर शूटिंग कराई और ट्रेलर देखने के बाद उन्हें अहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है।*





### जैसे ही टीजर देखा, मैं हिल गया...

गोविंद ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि निर्माताओं ने उनके साथ धोखाधड़ी की। जब फिल्म का टीजर आया, तब जाकर उन्हें अहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है और उनका इस्तेमाल किया गया है। वो बोले, "जैसे ही मैंने टीजर देखा, मैं हिल गया। तुरंत समझ आ गया कि मुझे जिस काम के लिए शूट कराया गया था, मामला उससे बिल्कुल अलग है। मुझे जो बताया गया और जो बनाया गया, उसमें जमीन-आसमान का फर्क है।

### सच पता होता तो पहले ही मना कर देता : गोविंद

गोविंद ने कहा कि वो और सलमान खान एक ही फिल्म इंडस्ट्री से हैं और सलमान उनके अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने साफ किया कि वह कभी भी उनके खिलाफ जाकर कोई काम नहीं कर सकते। गोविंद ने अफसोस जताते हुए कहा कि अगर उन्हें पहले से पता होता कि फिल्म को इस तरह सलमान के खिलाफ या विवादित रूप में पेश किया जाएगा, तो वह इसे तुरंत मना कर देते और कभी इस फिल्म को साइन ही नहीं करते।

### मैं बिश्नोई गैंग जैसी अपराधी सोच को आदर्श नहीं मान सकता

गोविंद बोले, मुझसे कहा गया कि आप ये कर दीजिए, दोबारा अदालत का सेट लगाने में बहुत पैसा खर्च होगा। मैंने भरोसा करके काम कर दिया। लगा मदद हो जाएगी, लेकिन अब टीजर देख लग रहा है कि उसी भरोसे का गलत फायदा उठाया गया। महसूस हो रहा है कि मेरे भरोसे के साथ खेल हुआ है। मेरे साथ गलत हुआ है। मैं किसी अपराधी सोच के साथ खड़ा नहीं हो सकता। ना ही बिश्नोई गैंग को आदर्श मान सकता।

### फिल्म के नाम पर मेरा भरोसा तोड़ा गया

गोविंद ने कहा कि उनकी कुछ शूटिंग बाकी थी, जिसमें गांव के दृश्य और हिरण से जुड़ी भावनात्मक कहानी दिखानी थी, लेकिन उनके साथ धोखा हुआ है। इसी वजह से उन्होंने फिल्म से अलग होने का फैसला कर लिया है। उन्होंने बताया कि शुरुआत में उन्होंने निर्माताओं से बात नहीं की थी, लेकिन अब वो उनसे सीधे जवाब मांगेंगे। उनके अनुसार, जिस तरह उन्हें स्थिति में डाला गया, वो उनकी कल्पना से परे था और उनका भरोसा तोड़ा गया है।

### पहले सुनाई भगवान कल्कि की कहानी, फिर बना दी 'काला हिरण'

*गोविंद ने बताया कि निर्माताओं ने पहले उन्हें 'संभल' नाम की फिल्म बताकर शूटिंग पर बुलाया, जिसकी कहानी भगवान कल्कि और धार्मिक इतिहास पर आधारित थी। बाद में पासा पलटते हुए कहा कि वे 'काला हिरण' नाम की फिल्म भी बना रहे हैं, जिसमें केवल सलमान के कोर्ट केस की असली कानूनी कार्रवाई दिखाई जाएगी। कोर्ट रिकॉर्ड में दर्ज बातों को सच मानकर गोविंद ने फिल्म के लिए हां कह दी, लेकिन बाद में कहानी पूरी तरह बदल दी गई।*

## खबर संक्षेप



### बरदूला में मानिकपुरी समाज की बैठक

**कोसीर।** कोसीर के गांव बरदूला में मानिकपुरी समाज की विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समाज की विभिन्न गतिविधियों, समाज की एकता, विकास एवं कार्य शैली के बारे में चर्चा की गई। इस बैठक की अगुवाई सारंगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अगरदास दीवान ने की उक्त इस सामाजिक कार्यक्रम मे ब्लॉक अध्यक्ष अगर दास दीवान, उपाध्यक्ष लक्ष्मण दास, सचिव अनिल दास मंहत, वहीं कोसीर क्षेत्रीय अध्यक्ष फूलदास मंहत, बबलू दास, कुन्दन दास, ननकी दास सहित भारी संख्या मे समाज के लोग उपस्थित रहे। वही बैठक में सामाज के विकास के लिए अलग-अलग पहलुओ पर चर्चा की गई। खासकर समाज की अगुवाई साहेब कबीर की आने वाले 29 जून को कबीर प्रकाट्य दिवस को मनाने के लिए निर्णय लिया गया।

### वॉल पेंटिंग: पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**रायगढ़।** जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में एसडब्ल्यूएम नियम 2026 के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए वॉल पेंटिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों, पंचायत भवनों एवं प्रमुख दीवारों पर आकर्षक संदेशों और चित्रों के माध्यम से ग्रामीणों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वॉल पेंटिंग के माध्यम से ग्रामीणों को कचरे के चार प्रकार के पृथक्करण, उसके वैज्ञानिक निस्तारण तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी जा रही है। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन लाना तथा उन्हें अपने गांव को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए प्रेरित करना है। इस पहल से ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ रही है तथा ग्रामीण समुदाय सक्रिय रूप से अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों से जुड़ रहा है।

### अवैध शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 43.600 लीटर महुआ शराब जब्त की है। यह कार्रवाई प्राप्त शिकायत के आधार पर आबकारी उप निरीक्षक अंकित अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा आबकारी वृत्त रायगढ़ उत्तर क्षेत्र में की गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम भातपुर निवासी गोपीचंद यादव के मकान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मकान से 43.600 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद हुई, जिसे आरोपी द्वारा अवैध रूप से कब्जे में रखा गया था। आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### स्वास्थ्य केंद्र की घोषणा अब तक अधूरी : कांग्रेस

**कोसीर।** कोसीर क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की घोषणा के बावजूद अब तक कार्य शुरू नहीं होने पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। ब्लॉक कांग्रेस सचिव फूलकुमार विश्वकर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2025 में सारंगढ़ प्रवास के दौरान कोसीर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की घोषणा की गई थी, जिससे क्षेत्र की लगभग 50 हजार आबादी में खुशी की लहर दौड़ गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि घोषणा के डेढ़ वर्ष बाद भी परियोजना को लेकर कोई ठोस पहल नहीं हुई है। इससे भाजपा सरकार की कथनी और करनी का अंतर साफ दिखाई देता है। विश्वकर्मा ने कहा कि सरकार केवल घोषणाएं कर जनता को भ्रमित कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि कोसीर जैसे बड़े क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता है।

#### आदिवासी अंचलों के बुनियादी ढांचे को मिलेगी नई मजबूती

# जिला खनिज न्यास से 12.14 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ के तहत जिले में सड़क, नवीकरणीय ऊर्जा एवं बुनियादी अधोसंरचना से जुड़ी 12 करोड़ 14 लाख 85 हजार रुपये से अधिक की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं से जिले के दूरस्थ अंचलों में विकास को नई गति मिलेगी तथा हजारों ग्रामीणों को बेहतर आवागमन, ऊर्जा एवं मूलभूत सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप इन कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। परिषद ने सभी स्वीकृत परियोजनाओं को वित्तीय वर्ष 2026-27 के भीतर पूर्ण करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए जिले में 7 सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई है। जिसमें धरमजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत कटाईपाली सी से पुसल्दा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 48 लाख 80 हजार रुपयेए औरानारा से वृन्दावन पहुंच मार्ग भाग.1 के लिए 1 करोड़ 20 लाख 48 हजार रुपये तथा भाग 2 के लिए 1 करोड़ 86 लाख 80 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। लैलूंगा विकासखंड अंतर्गत



**हाड़ी कोरवा और बिरहोर परिवारों तक पहुंचेगी सौर ऊर्जा की सुविधा**

सुबरा से कटकलिया पार्ट-1 मार्ग निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 11 लाख 53 हजार रुपये तथा राजपुर मंडी से पुटुपारा होते हुए बथानपारा तक मार्ग निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 64 लाख 40 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार तमनार विकासखंड में बनई से चारभांठा मार्ग निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 99 लाख 89 हजार रुपये तथा चिर्रामुड़ा से बनाई मार्ग निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 99 लाख 78 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन सड़क परियोजनाओं के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी, आवागमन में सुगमता आएगी तथा कृषि उपज, वनोपज एवं अन्य उत्पादों के परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक ग्रामीणों की पहुंच भी बेहतर होगी। डीएमएफ के माध्यम से स्वीकृत ये परियोजनाएं केवल निर्माण कार्य नहीं हैं, बल्कि दूरस्थ एवं आदिवासी अंचलों के लिए विकास के नए अवसरों का द्वार खोलने वाली पहल हैं। सड़क, ऊर्जा और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से इन क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार होगा, आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयासों को और मजबूती मिलेगी।

**जनजातीय परिवारों तक पहुंचेगी स्वच्छ ऊर्जा**

विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह पीवीटीजी परिवारों के जीवन स्तर में सुधार के लिए धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम गिधकालो के मजराटोला ऊपर सलखेता में निवासरत पहाड़ी कोरवा एवं अन्य परिवारों के यहां 108 सोलर होम लाइट संयंत्रों की स्थापना हेतु 69 लाख 67 हजार 944 रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

**पीएम सूर्य घर से रोशन होंगे आदिवासी अंचल**

इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत धरमजयगढ़ ब्लॉक के खदान प्रभावित ग्राम कुम्हीचुआ चिखलापानी, बिरहोर मोहल्ला में 27 मकानों पर सोलर रूफटॉप ग्रिड सिंक्रोनाइजेशन कार्य के लिए 13 लाख 50 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं के माध्यम से दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रों में स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा की पहुंच बढ़ेगी तथा परिवारों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी।

**पारदर्शिता और गुणवत्ता पर रहेगा विशेष फोकस**

जिला प्रशासन ने सभी कार्य एजेंसियों को निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक कार्यस्थल पर योजना की जानकारी प्रदर्शित करने के लिए स्थायी सूचना फलक लगाया जाएगा। कार्य प्रारंभ होने से लेकर पूर्णता तक विभिन्न चरणों में फोटोग्राफी, भौतिक सत्यापन तथा मासिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्वीकृत राशि का उपयोग केवल निर्धारित कार्यों में ही किया जाएगा। किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितताएं स्वीकृति से अधिक व्यय अथवा निर्माण गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी को जवाबदेह ठहराया जाएगा।



## 21 को नीट यूजी 2026 की पुनः होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित नीट यूजी 2026 की पुनः परीक्षा आगामी 21 जून को जिले के 8 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। जिला कलेक्टर के निर्देश पर परीक्षा के सुचारू संचालन एवं निगरानी के लिए डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसल्दा के प्राचार्य भुवनेश्वर पटेल को सहायक सदस्य की जिम्मेदारी दी गई है।

परीक्षा से संबंधित शिकायतों एवं सूचनाओं के त्वरित समाधान के लिए जिला कार्यालय रायगढ़ में कंट्रोल रूम क्रमांक-42 स्थापित किया गया है, जो 10 जून से 22 जून 2026 तक चौबीस घंटे संचालित रहेगा। कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी के रूप में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अंशुल देवांगन को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा परीक्षा व्यवस्था की निगरानी एवं समन्वय के लिए एनटीए के नोडल अधिकारी पवन अग्रवाल को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तथा समाचार पत्रों में प्रसारित होने वाली परीक्षा संबंधी अफवाहों, भ्रामक सूचनाओं एवं खबरों पर सतत निगरानी रखने की जनसंपर्क विभाग को दायित्व दिया है। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे परीक्षा से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी समस्या की स्थिति में कंट्रोल रूम से संपर्क करें।

## ग्रामीण आजीविका को मिलेगा नया आधार, 7 ग्राम पंचायतों में स्वीकृत हुए आधुनिक बकरी पालन शेड

**रायगढ़।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, पशुपालकों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत जिले की 7 ग्राम पंचायतों में लगभग 3 लाख रुपये प्रति इकाई की लागत से आधुनिक बकरी पालन शेड स्वीकृत किए गए हैं। यह पहल ग्रामीण परिवारों को पारंपरिक पशुपालन से आगे बढ़ाकर वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक पशुपालन की दिशा में प्रेरित करेगी।

बकरी पालन ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से आजीविका का एक प्रमुख साधन रहा है, लेकिन उपयुक्त आवासीय संरचना और वैज्ञानिक प्रबंधन के अभाव में पशुपालकों को अक्सर आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। नई योजना के तहत आधुनिक



सुविधाओं से युक्त शेडों का निर्माण कर पशुपालकों को सुरक्षित एवं टिकाऊ पशुपालन व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनकी आय और उत्पादन क्षमता दोनों में वृद्धि होगी। स्वीकृत बकरी पालन शेडों का निर्माण वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप ऊंचे एवं सुरक्षित प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। इससे पशुओं को वर्षा, जलभराव, अत्यधिक गर्मी तथा अन्य प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों से सुरक्षा मिलेगी। शेडों में पर्याप्त वेंटिलेशन, स्वच्छ वातावरण, जल निकासी व्यवस्था और पशुओं के सुरक्षित रख रखाव के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। विशेषज्ञों का मानना है कि बेहतर आवासीय सुविधाएं मिलने से पशुओं में संक्रमण और बीमारियों की संभावना कम होगी।

**आय के खुलेंगे कई नए रास्ते**

इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे केवल बकरी पालन तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि इसे एकीकृत आजीविका मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। आधुनिक बकरी शेडों के नीचे देशी मुर्गी पालन की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे एक ही परिसर में दो अलग अलग आजीविका गतिविधियों का संचालन संभव हो सकेगा। बकरी पालन से जहां दूध, खाद एवं पशुधन बिक्री के माध्यम से आय प्राप्त होगी, वहीं देशी मुर्गी पालन से अंडा एवं मांस उत्पादन के जरिए अतिरिक्त आमदनी के अवसर मिलेंगे।

### ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

**रायगढ़।** कोतरारोड़ थाना क्षेत्र में एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है, जिसके चलते पुलिस उसके परिजनों और वारिसों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेलवे कॉलोनी बंगलापारा निवासी वीरेश कुमार चौधरी की सूचना पर 12 जून को कोतरारोड़ थाना पुलिस ने जेएसपी यार्ड के पास डाउन लाइन में एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद किया। प्रारंभिक जांच में युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से होना पाया गया। मामले में मर्ग कायम करते हुए धारा 194 के तहत कार्रवाई कर जांच शुरू की गई है। मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष बताई जा रही है। उसका रंग गेहूंआ, कद लगभग 5 फीट, चेहरा गोल तथा चाल-ढाल सामान्य है। चेहरे पर हल्की सफेद दाढ़ी है। घटना के समय वह सफेद रंग की हाफ शर्ट और नीले रंग की जींस पहने हुए था।

## गोबर गैस संयंत्र पुनः क्रियाशील, ग्रामीणों को मिलेगा स्वच्छ ऊर्जा का लाभ

**रायगढ़।** जिले में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम बड़े देवगांव, जनपद पंचायत खरसिया स्थित गोबर गैस बायोगैस संयंत्र को पुनः क्रियाशील किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़ के मार्गदर्शन में संयंत्र का विस्तृत स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्रेडा की तकनीकी टीम, जिला पंचायत रायगढ़ के एपीओ तथा संबंधित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान संयंत्र की वर्तमान स्थिति, तकनीकी खामियों तथा संचालन संबंधी आवश्यकताओं का परीक्षण किया गया। अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा संयुक्त रूप से संयंत्र की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन कर आवश्यक सुधार कार्य किए गए, जिससे लंबे समय से प्रभावित संचालन को पुनः सुचारु बनाया जा सका। तकनीकी परीक्षण एवं आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद गोबर गैस संयंत्र को सफलतापूर्वक पुनः चालू किया गया। संयंत्र से उत्पादित बायोगैस का उपयोग कर चूल्हे का संचालन किया गया, जिसके माध्यम से गैस आपूर्ति की वास्तविक स्थिति का परीक्षण एवं सत्यापन भी किया गया। परीक्षण के दौरान चूल्हा सुचारु रूप से संचालित हुआ, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि संयंत्र अब पूर्ण रूप से कार्यशील स्थिति में है। अधिकारियों ने बताया कि बायोगैस संयंत्रों की नियमित जांच, समय-समय पर रखरखाव तथा कार्यक्षमता का सत्यापन अत्यंत आवश्यक है। इससे संयंत्रों का सतत संचालन सुनिश्चित होता है और हितग्राहियों को लंबे समय तक स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा का लाभ मिलता है। साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण और जैविक अपशिष्टों के वैज्ञानिक प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर संयंत्र से जुड़े हितग्राहियों एवं ग्रामीणों को बायोगैस संयंत्र के नियमित संचालन, गोबर की निर्धारित मात्रा में आपूर्ति तथा आवश्यक रखरखाव संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्हें बताया गया कि संयंत्र के बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में गोबर डालना, गैस पाइपलाइन की नियमित जांच करना तथा किसी भी तकनीकी समस्या की सूचना समय पर संबंधित विभाग को देना आवश्यक है। ग्रामीणों ने संयंत्र के पुनः शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें स्वच्छ ईंधन उपलब्ध होगा, रसोई गैस पर निर्भरता कम होगी तथा ईंधन संबंधी खर्च में भी कमी आएगी।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर, रक्तवीरों का किया सम्मान

**चंद्रपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच एवं चन्द्रहासिनी शाखा चंद्रपुर के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगरवासियों, युवाओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लेकर रक्तदान किया तथा मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करना था।

शिविर में बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने रक्तदान कर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। इस अवसर पर शुभम अग्रवाल ने कहा कि एक यूनिट रक्त




कई जिंदगियों को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने लोगों से आगे आकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की।

## स्वावलंबन परियोजना के तहत मौहापाली में जिंदल फाउंडेशन द्वारा दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़।** महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए ग्राम पंचायत मौहापाली में स्वालंबन परियोजना के अंतर्गत जिंदल फाउंडेशन द्वारा मशरूम उत्पादन के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में गांव के करीब सात स्व सहायता समूहों की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। महिलाओं ने प्रशिक्षण के बाद अपने घर में मशरूम की फसल लेने का निर्णय लिया। जिंदल फाउंडेशन द्वारा सभी महिलाओं को मशरूम का बीज निशुल्क वितरित किया गया।

प्रशिक्षण में शामिल महिलाओं को संबोधित करते हुए वाइस प्रेसिडेंट और डोलेसरा प्रोजेक्ट हेड नीरज सक्सेना ने प्रशिक्षण को महिलाओं के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वयं ही अपने घर में इसे कर सकेंगीं। इससे होने वाली कमाई से बच्चों को पढ़ा सकतीं हैं, पुरूषों की आय में आर्थिक मदद करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चल सकतीं हैं। मैनेजर सीएसआर शीतल पटेल ने कहा कि अधूरी जानकारी के साथ काम करने पर परिणाम सही नहीं आता है, इसलिए



प्रशिक्षण की आवश्यकता पड़ती है। प्रशिक्षण के बाद निश्चित रूप से मशरूम का उत्पादन अच्छा होगा। मशरूम उत्पादन कम खर्च में अधिक फायदा देने वाला, इसमें समय भी कम लगता है। उन्होंने कहा कि जिंदल फाउंडेशन चाहता है कि महिलाएं खुद कमाकर काबिल बनें। ग्राम पंचायत मौहापाली के सरपंच श्याम लाल राठिया ने कहा कि जिंदल फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए अच्छा कार्य किया जा रहा है, इससे उनका आर्थिक स्तर सुधरेगा।

## कार्यकर्ता की एकजुटता से ही मजबूत होगा संगठन: चंद्रदेव

**सरसीवा।** आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और कार्यकर्ताओं से सतत संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से कांग्रेस कार्यालय में पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव प्रसाद राय की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र से पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा संगठन की मजबूती, जनहित के मुद्दों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए चंद्रदेव प्रसाद राय ने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की सफलता उसके कार्यकर्ताओं की सक्रियता, समर्पण और एकजुटता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस



की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने तथा आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्यकर्ताओं को निरंतर जनता के बीच रहकर काम करना होगा। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया। राय ने कहा कि संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के लिए अब प्रत्येक माह की 10 तारीख को नियमित मासिक बैठक आयोजित की जाएगी।

## ठुसेकेला में स्वच्छता व अपशिष्ट प्रबंधन पर जनजागरूकता अभियान



**रायगढ़।** खरसिया विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ठुसेकेला गोरपार स्थित नया तालाब गहरीकरण कार्य स्थल पर वीबी जीरामजी एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, रायगढ़ तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, छत्तीसगढ़ के सहयोग से आयोजित इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों एवं श्रमिकों को स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना था। अभियान के दौरान कार्यस्थल पर उपस्थित ग्रामीणों, श्रमिकों एवं जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता के महत्व, कचरे के उचित निपटान तथा ग्राम स्तर पर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से सफल होने वाला सामाजिक अभियान है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। जनजागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को घरों से निकलने वाले कचरे का स्त्रोत स्तर पर पृथक्करण करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें बताया गया कि गीले एवं सूखे कचरे को अलग.अलग रखने से अपशिष्ट प्रबंधन अधिक प्रभावी बनता है तथा पुनर्चक्रण की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है। इसके साथ ही प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभावों एवं उसके सुरक्षित संग्रहण तथा निस्तारण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

## खेत में सड़क निर्माण, किसानों ने की मुआवजे की मांग, ग्रामीणों में आक्रोश

**सरिया।** लोक निर्माण विभाग ने किसानों की जमीन बिना अधिग्रहण किए ही खेत में सड़क का निर्माण काम शुरू करवा दिया है। जिससे किसानों में तीव्र रोष व्याप्त है। किसानों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम देवगांव से संडा तक सड़क निर्माण किया जा रहा है।

करीब 2 किलोमीटर कि यह सड़क करीब 3 करोड़ की लागत से बन रहा है। प्रारंभ से ही घटिया निर्माण होने से एवं विभाग के मनमानी के कारण किसानों में नाराजगी है। गांव के किसान हरनारायण नायकए गोकुल प्रसाद नायक, सुन्दर साव ने अपने शिकायत में कहा कि ग्राम देवगांव से संडा 2 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया जा रहा है। जिसके लिए करीब 100 किसानों की जमीन आ



रही है। सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू किया, लेकिन जमीन मालिक को जानकारी नहीं दी थी और बिना अनुमति के ही खेत में घटिया मिट्टी मुरूम डालकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर किसी भी प्रकार का कोई साइन बोर्ड नहीं है। जिससे सड़क निर्माण की पारदर्शिता पर संदेह है। जबकि सड़क निर्माण प्रारंभ तिथि एवं पूर्ण अवधि के साथ संबंधित ठेकेदार, इंजीनियर, का नाम पता, मोबाइल नंबर, सब दर्ज होता है। ताकि लोग संबंधित अधिकारी से संपर्क कर वस्तु स्थिति की जानकारी दे सके, लेकिन 3 करोड़ के लागत से बन रहे सड़क में किसी भी अधिकारी का उल्लेख नहीं किया गया है। जिससे मनमानी ढंग से निर्माण होने से किसानों को परेशानी होगा। इसी परेशानी को लेकर हर नारायण नायक, गोकुल नायक एवं अन्य किसानों के द्वारा लोक निर्माण विभाग सारंगढ़ तथा तहसीलदार बरमकेला को आवेदन दिया था।

